प्रेस विज्ञप्ति

''लौटें यौगिक खेती की ओर''

किसान सशक्तिकरण एवम् शास्वत यौगिक खेती अभियान का शुभारम्भ
माननीय कृषि मन्त्री उ०प्र० ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

निजी संवाददाता। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय एवम् राजयोग एजूकेशन एण्ड रिसर्च फाउन्डेशन, ग्राम्य विकास प्रभाग एवम् उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयास से सिटी माण्टेसरी स्कूल, वरदान खण्ड, गोमतीनगर में आयोजित किसान सशक्तिकरण अभियान का शुभारम्भ **माननीय कृषि मन्त्री भ्राता विनोद कुमार उर्फ पण्डित सिंह जी** ने किया। इलाहाबाद से पधारी **ब्रह्माकुमारी मनोरमा दीदी** ने अभियान का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि भारत की भूमि जो कभी सोना उगलती थी उसे अत्यधिक रसायनों के प्रयोग से शक्तिहीन कर दिया गया। अब उसी भूमि को पुनः उर्वरा बनाने का संकल्प लेकर गॉव–गॉव, ब्लाक–ब्लाक, मण्डल–मण्डल पहुॅच कर मरहम लगाने का कार्य किया जायेगा। किसानों को शास्वत यौगिक खेती का विधि–विधान समझाया जा रहा है। महसाना, गुजरात से पधारीं संस्था के ग्राम विकास प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका **राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरला दीदी जी** ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत किसानों का आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक सशक्तिकरण किया जायेगा।

सहायक निदेशक कृषि विभाग उ0प्र0 भ्राता बद्री विशाल तिवारी ने किसानों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवम् योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों द्वारा खेती से अधिक उपज पाने के लिए पाने के लिए पाने के लिए प्रयुक्त किये जा रहे रसायनों एवं कीटनाशकों से होने वाली बीमारियों एवम् हानियों के विषय में भी बताया। उन्होंने कहा खेतों में खनिजों की निरन्तर हो रही कमी से हमारे शरीर में भी इन तत्वों का अभाव हो रहा है जिसकी प्रतिपूर्ति के लिए दवाइयों का सेवन करना पड़ता है।

संस्था के मुख्यालय संयोजक माउण्ट आबू से पधारे **ब्रह्माकुमार राजू भाई** ने बताया कि संस्था द्वारा कई प्रदेशों में यौगिक खेती कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि ढ़ाई हजार से अधिक किसानों ने जैविक खेती कर सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने की बात स्वीकार की है। इन किसानों ने संस्था द्वारा सिखाये जाने वाले राजयोग से पहले अपने विचारों पर फिर प्रकृति पर इस ध्यानाभ्यास का प्रयोग किया उनके सकारात्मक सकाश के फलस्वरूप फसल अधिक हुई और अन्न की पौष्टिकता भी बढ़ी। एन0बी0एफ0जी0आर0 के **निदेशक कुलदीप के0 लाल जी** ने अपने विभाग द्वारा इस अभियान को हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया। उहोंने कहा कि ब्रह्माकुमारियों का यह प्रयास प्रदेश के इतिहास का स्वर्णिम दिवस होगा। **बीज निगम के एम0डी0 भ्राता आर0 आर0 सिंह** ने कहा कि शुद्ध अन्न से मन की सारी व्याधियॉ दूर हो जाती हैं। उन्होंने भी अपनी ओर से हर प्रकार के सहयोग की बात कही। **कृषि निदेशक भ्राता ज्ञान सिंह** ने भी प्राकृतिक एवम् जैविक खेती की ओर लौटने की वकालत की। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पुस्तक प्रकाशित की गई है जिसमें किसानों को सरकार की ओर से मिलने वाली सारी सुविधाओं का विवरण उपलब्ध है। वाराणसी से आई क्षेत्रीय संचालिका **ब्रह्माकुमारी सुरेन्द्र दीदी** ने उत्तर प्रदेश को उन्नत प्रदेश बनाने का संकल्प दोहराया। प्रमुख सचिव, कृषि उ0प्र0 जगदीश गुप्ता ने ब्रह्माकुमारियों के किसानों के चरित्र निर्माण के संकल्प को एक बहुत महान कदम बतलाया। उन्होंने स्वीकार किया कि सरकारी तन्त्र भी यह कार्य नहीं कर सकता।

त्रिपाठीनगर सेवा केन्द्र की कन्याओं तथा मंजरी इन्स्टीट्यूट के कलाकारों द्वारा देशप्रेम पर मनमोहक नाट्य प्रस्तुती के पश्चात् सभी प्रमुख अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर अभियान का विधिवत् शुभारम्भ किया। **कृषि मन्त्री उ0प्र0 माननीय विनोद कुमार उर्फ पण्डित सिंह** ने दिव्य किसान रथों के भाई बहनों को कलश एवं ध्वज प्रदान कर तथा सभी रथों को हरी झण्डी दिखाकर गन्तव्यों की ओर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने माननीय मुख्यमन्त्री उ0प्र0 का शुभकामना सन्देश भी पढ़कर सुनाया। अन्त में गोमतीनगर शाखा की इन्चार्ज **ब्रह्माकुमारी राधा बहन** के द्वारा कराये गये मेडीटेशन एवं कानपुर से प्रधारी **ब्रह्माकुमारी विद्या बहन** के धन्यवाद प्रस्ताव के पश्चात् कार्यक्रम का समापन हुआ। –ओमशान्ति–